भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

25.03.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2693 का उत्तर

फिंगर प्रिंट परीक्षक के संस्वीकृत पद

2693 चौधरी सुखराम सिंह यादवः

श्री पी. भट्टाचार्य:

श्रीमती छाया वर्मा:

श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) फिंगर प्रिंट परीक्षक (एफपीई) के संस्वीकृत पदों की संख्या और वर्तमान में भरे हुए पदों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ (आरआरसी) से संबंधित कार्य और यात्रा भत्ते का भुगतान अभी तक फिंगर प्रिंट परीक्षकों को नहीं किया गया है;

(ग) क्या कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण घर से कार्य करने वाले सेवानिवृत्त फिंगर प्रिंट परीक्षकों को अब तक वेतन का कोई भुगतान नहीं किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उन्हें इसका भुगतान कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क): भारतीय रेलों में फिंगर प्रिंट परीक्षक (एफपीई) के संस्वीकृत पदों की संख्या और भरे हुए पदों की संख्या क्रमश: 31 और 05 हैं।

(ख): जी नहीं। रेलों द्वारा पात्र फिंगर प्रिंट परीक्षकों को उनके द्वारा निष्पादित कार्य और यात्रा भत्ता के लिए भुगतान न होने का कोई मामला रिपोर्ट नहीं किया गया है।

(ग) और (घ): रेलों द्वारा एफपीई को वेतन के भुगतान न होने के किसी मामले की सूचना नहीं दी गई है।

*****